पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' का शुभारम्भ किया

लखनऊः 14 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा आयोजित एक रैली का शुभारम्भ झण्डा दिखाकर किया। पुलिस महा निदेशक अग्निशमन सेवा श्री प्रवीन सिंह ने राज्यपाल को स्टीकर फ्लैग लगाया। 14 अप्रैल, 1944 को मुम्बई के विक्टोरिया बन्दरगाह पर घटित भीषण अग्निकाण्ड में 66 अग्निशमन कर्मियों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। उक्त अग्निशमन कर्मियों की याद में पूरे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को 'अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस' एवं इसी दिन से एक सप्ताह तक 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाया जाता है।

राज्यपाल ने अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अग्निशमन कर्मियों के अटूट साहस, पराक्रम एवं उनकी कर्तव्य निष्ठा के कारण ही अनेकों लोगों की जान एवं माल की रक्षा संभव है। अग्निशमन विभाग द्वारा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को आग लगने के कारणों एवं उससे बचने के उपायों के प्रति जागृत किया जाना चाहिए, जिससे बड़ी दुर्घटनाएं रोकना संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि केरल में हुए अग्निकांड एवं कुछ दिन पूर्व लखनऊ के अमीनाबाद मार्केट में लगी आग को दुखःद बताते हुए कहा कि सावधानी बरत कर हम दुर्घटना से बच सकते हैं।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन सेवा श्री जी0पी0 शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (150/26)

अग्नि शमन
अग्नि
EX
UP41G1546